हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

# सूरज की तपन सह नहीं पाई कांग्रेस की शांति रैली



**नागपुर.**

17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को उपराजधानी में सद्भावना शांति रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य मकसद लोगों में शांति और भाईचारा बनाये रखने का सन्देश देना था। रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस के नए प्रमुख हषवर्धन सपकाल सहित तमाम बड़े नेता, सांसद और विधायक पहुंचे। हालांकि, ये नेता नागपुर की गर्मी झेल नहीं पाए और पांच किलोमीटर लंबी यात्रा को 500 मीटर में ही समाप्त कर दिया। रैली का समय घटाने के बाद यह चर्चा शुरू हो गई है कि, विदर्भ में रहने वाले नेता क्या अब विदर्भ की गर्मी तक नहीं झेल सकते?

रैली की शुरुआत सुबह 9:30 बजे महल परिसर के गांधी गेट से प्रस्तावित थी। जो कोतवाली पुलिस स्टेशन, बड़कस चौक, चिटनिस पार्क, देवडिया भवन, भालदारपुरा चौक, गंजीपेठ से होते हुए शुक्रवारी तालाब स्थित रजवाड़ा पैलेस पर समाप्त होनी थी। यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह नौ बजे से ही जमने लगे थे, लेकिन यात्रा तय समय पर शुरू ही नहीं हो पाई। पार्टी का कोई बड़ा नेता अपने तय समय पर यात्रा की शुरुआत वाली जगह पर पहुंच ही नहीं पाया।

### सभा आयोजित की गई

रैली समाप्त होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस सभा में 500 से ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और संघ पर जोरदार हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा, संघ पर देश और समाज में द्वेष और हिंसा फ़ैलाने का आरोप लगाया। यही नहीं कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी कई आरोप लगाए।

करीब दो घंटे की देर के बाद तमाम बड़े नेता गांधी गेट पर पहुंचे और इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर इसकी शुरुआत हुई। रैली का समय सुबह साढ़े नौ बजे का था, उस समय सूरज देवता की तपन थोड़ी कम रहती है। लेकिन दो घंटे की देरी से धूप और चढ़ गई , जिसके कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास पहुंच गया। तेज गर्मी और देरी के कारण कांग्रेस नेताओं ने रैली की दूरी को कम करने का निर्णय लिया। पहले जहां रैली हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से गुजरकर जाने वाली थी, वहीं अब रैली को शिवाजी पुतला के पास से शुरू किया गया और तिलक पुतला होते हुए रजवाड़ा हॉल के पास जाकर समाप्त कर दिया गया। केवल 500 मीटर ही यह रैली चल पाई।

## तेज रफ्तार ज़ाइलो कार ने मासूम को रौंदा

### दर्दनाक हादसे में 9 वर्षीय बच्ची की मौत



**नागपुर.** उपराजधानी नागपुर के मानकापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिटेसुर परिसर में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज़ रफ्तार ज़ाइलो कार ने घर के सामने खेल रही 9 वर्षीय बच्ची को रौंद दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान माहेरा कौसर अशपाक सैयद के रूप में हुई है। हादसे में बच्ची के चाचा तौफीक राजा मुख्तार मुख्तार सैयद (20) भी घायल हुए हैं। घटना बुधवार दोपहर करीब 1 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी चालक प्रमोद जनार्दन वानखेडे (42), जो गोधनी निवासी है, तेज़ रफ्तार में ज़ाइलो कार (क्रमांक एमएच 14 ईसी 4741) से जा रहा था। कार पिटेसुर गांव के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो गई और पहले एक स्ट्रीट लाइट से टकराई, फिर बस्ती की ओर घुस गई। इस दौरान तौफीक राजा मुख्तार मुख्तार सैयद जो कि मोटरसाइकिल से जा रहे थे चपेट में आए और घायल हो गए। उसी समय मासूम माहेरा अपने घर के सामने खेल रही थी, तभी कार ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने घायल बच्ची को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से पिटेसुर परिसर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, स्पीड ब्रेकर लगाने और ट्रैफिक पुलिस की नियमित मौजूदगी की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस इलाके में पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से पिटेसुर परिसर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, स्पीड ब्रेकर लगाने और ट्रैफिक पुलिस की नियमित मौजूदगी की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस इलाके में पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मानकापुर पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

## शहर में बनेगा नया स्वास्थ्य संवर्धन केंद्र

### स्वास्थ्य सुधार केंद्रों का काम जल्द से जल्द पूरा करें: वसुमना पंत



**नागपुर.**

शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, नागपुर नगर निगम शहर में नए स्वास्थ्य सुधार केंद्र स्थापित करेगा। अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने इन केन्द्रों का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। मंगलवार को उन्होंने शहर में नवनिर्मित स्वास्थ्य सुधार केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की। अपर आयुक्त के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर, अतिरिक्त चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र बहिरवार, महामारी विज्ञान अधिकारी डॉ. गोवर्धन नवखरे, कार्यपालन अभियंता अल्पना पाटने, सुनील उइके, रवींद्र बुंधाड़े, संजय माटे, विजय गुरुबक्शानी, मनोज सिंह, अजय पज़ारे, सचिन रक्षमवार, जोनल चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिल्पा जिचकर, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. दीपांकर भिवगड़े, डॉ. सुनील कांबले, डॉ. गजानन पवने, डॉ. जयश्री चन्ने, डॉ. शीतल वंडिले, डॉ. सुलभा शेंडे, डॉ. वर्षा देवस्थले और अन्य उपस्थित थे। नागपुर शहर में झुग्गी-झोपड़ियों और स्वास्थ्य सेवाओं से दूर क्षेत्रों में नए स्वास्थ्य सुधार केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। इसके लिए सभी दस जोनों में स्थान आवंटित कर दिया गया है। कुछ स्वास्थ्य सुधार केन्द्र नगरपालिका की भूमि पर बनाए गए हैं। कुछ का निर्माण किराये के भवनों में किया जा रहा है।

वर्तमान में शहर में 51 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 52 स्वास्थ्य संवर्द्धन केंद्र संचालित हैं। नवनिर्मित स्वास्थ्य संवर्द्धन केन्द्रों में से 17 बनकर तैयार हो चुके हैं तथा 11 केन्द्रों का कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने निर्देश दिये कि सभी तैयार केंद्रों के भवनों का दौरा कर यह जांच लें कि वहां बिजली, पानी व अन्य सुविधाएं समुचित ढंग से व्यवस्थित हैं या नहीं। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य संवर्धन केन्द्रों के निर्माण पर भी ध्यान देने तथा जहां कठिनाइयां हैं, वहां दिक्कतें दूर करने का सुझाव दिया।

## जिजाऊ रथयात्रा का अहबाब चौक पर भव्य स्वागत

### हम एकजुट करने वालों के साथ हैं, नफ़रत फैलाने वालों के साथ नहीं





**नागपुर.**

जिजाऊ रथ यात्रा जब अहबाब चौक पहुंची तब उसके स्वागत में जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर के अतिरिक्त विभिन्न मुस्लिम समुदाय के मान्यवर लोगों में अत्यधिक संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ नुरुल अमीन ने जिजाऊ रथ यात्रा में सम्मिलित सभी भाइयों और बहनों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि जिन सकारात्मक उद्देश्यों को लेकर यह रथ गतिमान है उसकी आज अत्यधिक आवश्यकता है। हम एकजुट करने वालों के साथ हैं, नफ़रत फैलाने वालों के साथ नहीं। नफ़रत के वातावरण में अगर कोई जो नफरत को मिटाने और एकता के लिए काम कर रहा है तो यह यात्रा बहुत अच्छे उद्देश्यों को लेकर यहां पहुंची है। ईश्वर यात्रा की मनोकामनाओं को पूरा करे। आमीन जमाअत ए इस्लामी हिंद मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में अपने आप को पेश करती है और उसकी यही मनोकामना है कि संपूर्ण देश में ऐसे लोग अवश्य होना चाहिए जो नफ़रतों को दूर करें और अमन शांति की स्थापना करें।

बता दें कि जिजाऊ रथ यात्रा का बहुजन समाज एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और विशेषकर मुस्लिम भाइयों बहनों द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। मराठा सेवा संघ 18 पगड़ी जातियों को एकजुट करने और उनके बीच एकता, समानता और शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे महाराष्ट्र का दौरा कर रही है। बहुजन समाज जिजाऊ रथ यात्रा के माध्यम से समानता और बंधुत्व के सिद्धांत पर एकजुट हुआ है। मराठों सहित अन्य समुदायों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि दरारें और नफरतें दूर हों।

अहबाब चौक पर पहुंची जिजाऊ रथ यात्रा में प्रो. अर्जुन तनपुरे, मराठा सेवा संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संरक्षक, डॉ.गजानन पारधी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संभाजी ब्रिगेड एवं शहर के इन संगठनों के पदाधिकारियों में महिलाएं एवं पुरुष थे। इस अवसर पर जेआईएच महिला विभाग की अध्यक्ष बेनज़ीर ख़ान और महिलाएं भी उपस्थित थीं।

## महिला चोर गिरफ्तार, 13.54 लाख रुपये के गहने बरामद



**नागपुर.** गणेशपेठ पुलिस ने एक चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से कुल 13,54,056 रुपये के सोने के आभूषण बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार हिंगणघाट निवासी प्रमोद नानाजी देवगिरकर (55) जो कि पेशे से एक आभूषण व्यापारी हैं और 'देवगिरकर ज्वेलर्स' नामक दुकान चलाते हैं, वह नागपुर में सोने के गहने खरीदने आए थे। 28 मार्च को दोपहर के समय जब वह बडकस चौक, महाल से गणेशपेठ बस स्टैंड जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुए, उस दौरान रिक्शा में दो अज्ञात महिलाएं पहले से मौजूद थीं। गणेशपेठ बस स्टैंड पहुंचने से पहले ही वे महिलाएं उतर गईं।

देवगिरकर जब बस में बैठकर टिकट खरीदने के लिए अपना बैग देखने लगे तो उन्हें पता चला कि उनके बैग से करीब 19,43,708 रुपये के सोने के आभूषण चोरी हो चुके हैं। उन्होंने तत्काल गणेशपेठ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर इलाके में गश्त और बाजार में पूछताछ कर एक संदिग्ध महिला को चिन्हित किया। महिला पर नजर रखी गई और महिला पुलिसकर्मियों की मदद से उसे हिरासत में लिया गया जिसकी पहचान मुस्कान नंदू नाडे (19) साल राहटे टोली, अजनी निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान पहले तो महिला ने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसने चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपी के पास से 13,54,056 रुपये के सोने के आभूषण बरामद किये गए हैं। उसके खिलाफ इसके पहले भी चोरी के मामले दर्ज होने की जानकारी है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त महक स्वामी, सहायक पुलिस आयुक्त अनिता मोरे के मार्गदर्शन में वपोनि मच्छीन्द्र पंडित, पोउपनि मल्हारी डोईफोडे, पुलिस हवलदार समीर शेख सहित उन की अन्य टीम ने मिलकर की।

## धरमपेठ के कैफे में खूनी झड़प

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला

**नागपुर.** धरमपेठ के खरे टाउन स्थित जेड लीफ कैफे में सोमवार रात उस वक्त खलबली मच गई जब पांच युवकों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। हमले में घायल युवक की पहचान वाड़ी के खडगांव रोड निवासी हर्षदीप सिंह मनोज सिंह राजपूत (21) के रूप में हुई है। वह एमबीए का छात्र है। आरोपी दक्ष यादव, ऋषिकेश श्रीवास और उनके 2-3 अज्ञात साथी बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब डेढ़ साल पहले वाड़ी क्षेत्र में हर्षदीप के एक दोस्त का दक्ष से विवाद हुआ था। उस समय हर्षदीप ने बीच-बचाव कर दक्ष पर हावी हो गया था, जिसके बाद से ही दोनों के बीच दुश्मनी चल रही थी। तीन दिन पहले कड़बी चौक पर दोनों आमने-सामने आए थे, जहां भी झड़प हुई थी। परिजनों ने मामला शांत करने की सलाह दी थी, जिससे शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। सोमवार रात करीब 8:30 बजे जब हर्षदीप अपने दोस्त के साथ कैफे में बैठा था, तभी दक्ष अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और उस पर लोहे की वस्तु से सिर पर ताबड़तोड़ वार किये। हमले में हर्षदीप गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर खून से लथपथ हो गया। सूचना मिलते ही सीताबर्डी पुलिस मौके पर पहुंची और हर्षदीप को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## बाबासाहब की जयंती पर आदिवासी पारधी न्याय परिषद का आयोजन



**नागपुर.** भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को आदिवासी पारधी न्याय संकल्प परिषद का आयोजन किया गया। परिषद का आयोजन महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति जमाती आयोग तथा आदिवासी पारधी विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय विश्रामगृह रविभवन में किया गया। इस आयोजन का मुख्य मकसद पारधी समाज के शोषित, पीड़ित व उपेक्षित समुदाय के न्याय से जुड़े मुद्दों पर गहराई से चर्चा कर न्याय दिलाना था।

आजादी के 75 वर्ष में पहला मौका था जब इस तरह का आयोजन किया गया। इस परिषद में राज्य के 28 जिलों से पीड़ित पारधी समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और अपनी वर्षों से लंबित शिकायतें तथा प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये। आयोग के उपाध्यक्ष एड. धर्मपाल मेश्राम के समक्ष कुल 156 प्रकरण लिखित रूप में दर्ज किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति जमाती आयोग के उपाध्यक्ष एड. धर्मपाल मेश्राम ने की। मुख्य अतिथियों में सामाजिक चिंतक डॉ. उपेंद्र कोठेकर, आदिवासी विकास विभाग के अपर आयुक्त व उप आयुक्त दिगंबर चव्हाण, परियोजना अधिकारी नितीन इसोकार और आदिवासी सेवक तथा प्रांताध्यक्ष बबन गोरामण उपस्थित थे। मेश्राम ने परिषद में प्रस्तुत सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि ये सभी प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर सुलझाए जाएंगे। साथ ही, जो अधिकारी कार्य में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिषद दो सत्रों में आयोजित की गई।

## नागपुर-नागभीड़ रेलवे अंडरब्रिज भंडारा रोड से जुड़ेगा

### कमिश्नर डॉ. अभिजीत चौधरी ने स्थल का निरीक्षण किया



**नागपुर.** महारेल द्वारा निर्माणाधीन नागपुर-नागभीड़ रेलवे लाइन के अंतर्गत बगड़गंज क्षेत्र में अंडरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है।

मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी ने इस अंडरब्रिज को भंडारा रोड से जोड़ने के लिए आवश्यक बगड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अजय चर्थनकर, उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार तथा महारेल के अतिरिक्त मुख्य परियोजना प्रबंधक सुशील शर्मा उपस्थित थे। महारेल द्वारा नागपुर-नागभीड़ रेलवे लाइन के नीचे रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस अंडरब्रिज को भंडारा रोड से जोड़ने के लिए जगह की आवश्यकता है। नगर निगम ने इस क्षेत्र में नागरिकों को जमीन पट्टे पर दी है और विकास योजना में 18 मीटर की सड़क भी दर्शाई गई है। यह सड़क अंडरब्रिज से जुड़ी हुई थी। महारेल अधिकारियों ने कहा कि इससे नागरिकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने अंडरब्रिज से जुड़ने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग का भी सुझाव दिया। आयुक्त ने संबंधित विभागों और रेलवे अधिकारियों को इस संबंध में पूर्ण विवरण के साथ प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कमिश्नर ने दही बाजार ब्रिज से इतवारी रेलवे स्टेशन तक रैम्प बनाने के प्रस्ताव का निरीक्षण किया। महारेल द्वारा इस मार्ग पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज को अब दही बाजार रेलवे ब्रिज से जोड़ा जाएगा तथा नागरिकों की सुविधा के लिए इतवारी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए रैम्प का निर्माण किया जाएगा। आयुक्त ने इस संबंध में महारेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल की ऐतिहासिक उपलब्धि

### मध्य भारत की पहली 50 रोबोटिक सर्जरी



**नागपुर.**

किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक दा विंची सर्जिकल रोबोट सिस्टम की मदद से 50 रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह मील का पत्थर चिकित्सा विज्ञान में एक क्रांतिकारी कदम है, जो मरीजों को एक उन्नत, कम इनवेसिव विकल्प प्रदान करता है-जिससे उन्हें तेजी से रिकवरी, कम दर्द और कम अस्पताल में रहने का समय मिलता है।

इस अग्रणी पहल का नेतृत्व डॉ. सुशील लोहिया ने किया, जिनके साथ 15 से 25 वर्षों के अनुभव वाले विशेषज्ञ सर्जनों की एक कुशल टीम ने काम किया। इनके सामूहिक प्रयासों ने किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल को मध्य भारत में रोबोटिक सर्जरी का एक उत्कृष्ट केंद्र बना दिया है। विभिन्न व्याधियों में की गई सर्जरी इस रोबोटिक सिस्टम का उपयोग विभिन्न प्रकार की सर्जरी में सफलता के साथ किया गया है, जिनमें कई मेडिकल स्पेशियलिटी शामिल हैं: गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, पित्ताशय की पथरी (गॉलस्टोन), अपेंडिक्स की सर्जरी, हर्निया (इंग्वाइनल, वेंट्रल, और इनसिजनल), एंटी-रिफ्लक्स सर्जरी बेरियाट्रिक सर्जरी, फेफड़े, इसोफेगस, पेट, पैनक्रियास, छोटी और बड़ी आंत के कैंसर का उपचार, यूरोलॉजिकल सर्जरी, प्रोस्टेट कैंसर का इलाज, नेफरेक्टॉमी (गुर्दा हटाना), पायेलोप्लास्टी (गुर्दा पुनर्निर्माण), स्त्रीरोग संबंधी सर्जरी, हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय को निकालना), मयोमेक्टॉमी (फाइब्रॉइड हटाना), इनफर्टिलिटी (बांझपन) की सर्जरी, ट्रांसओरल और ईएनटी सर्जरी, स्लीप एपनिया का इलाज, आवाज से जुड़ी संरचनाओं के कैंसर की सर्जरी, थायरॉयड सर्जरी, हृदय सर्जरी, बाईपास सर्जरी, वॉल्व रिप्लेसमेंट इन रोबोटिक सर्जरी की सफलता का श्रेय निम्नलिखित अनुभवी सर्जनों की टीम को जाता है: डॉ. वासुदेव रिधोरकर (यूरोलॉजी सर्जन), डॉ. सुशील लोहिया (जनरल सर्जन), डॉ. प्रकाश जैन (जनरल सर्जन), डॉ. सौरभ वाष्र्णेय (कार्डियक सर्जन), डॉ. दीपक गोयल (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ कुणाल खोबरागड़ें (ओन्को सर्जन), डॉ. श्वेता लोहिया (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. आरती पाटिल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. तुषार गावड (यूनिट प्रमुख) के नेतृत्व में अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से की गई उनकी संयुक्त कोशिशों ने यह सुनिश्चित किया है कि मरीजों को विश्व स्तरीय उपचार किफायती दरों पर मिल सके, जिससे मध्य भारत में अधिक से अधिक लोगों के लिए रोबोटिक सहायता प्राप्त सर्जरी सुलभ हो पाई है। चिकित्सा विज्ञान में एक नया युग 50 सफल रोबोटिक सर्जरी पूरी कर किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह जटिल सर्जरी को आधुनिक रोबोटिक तकनीक की मदद से कुशलता से करने में सक्षम है। डॉ. तुषार गावड (यूनिट प्रमुख) के नेतृत्व में अस्पताल का नेतृत्व और सर्जरी टीम चिकित्सा विज्ञान के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं। उनका विश्वास है कि रोबोटिक सहायता प्राप्त प्रक्रियाएं स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएंगी, क्योंकि ये अधिक सटीक सर्जरी और बेहतर परिणाम प्रदान करती हैं।

डॉ. लोहिया ने कहा, 'यह तकनीक सर्जरी की सटीकता को बढ़ाती है, रिकवरी का समय कम करती है और मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाती है। हमें गर्व है कि हम इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं।' जैसे -जैसे हॉस्पिटल अपनी रोबोटिक सर्जरी की क्षमताओं का विस्तार करता है, इस क्षेत्र के मरीज अब अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार किफायती दामों में प्राप्त कर सकते हैं जो स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता का एक नया अध्याय शुरू करता है।

CMYK

# अवैध पशु तस्करी पर कब लगेगी लगाम

## हो रही सबसे ज्यादा तस्करी, स्थायी जब्ती कानून की मांग तेज

**कोंढाली.**

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा बनाए गए गौहत्या निषेध अधिनियम और पशुओं के क्रूरतापूर्ण परिवहन के खिलाफ कड़े नियमों के बावजूद राज्य में अवैध पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्वी विदर्भ के साथ-साथ राज्य की सीमाओं से लगे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और राजस्थान जैसे भाजपा शासित राज्यों से भी यह अवैध गतिविधि धड़ल्ले से जारी है। इस नेटवर्क की गंभीरता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़े-बड़े कंटेनरों और ट्रकों में मवेशियों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर, बिना चारा, पानी या चिकित्सा सुविधा के, राज्य की सीमाओं में लाया जा रहा है।



जब ऐसे वाहन महाराष्ट्र पुलिस द्वारा पकड़े जाते हैं, तो अधिकतर मामलों में ड्राइवर वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो जाते हैं। इसके बाद कुछ ही दिनों में वाहन के मालिक या पशु व्यापारी ड्राइवर को थाने में पेश कर देते हैं और आसानी से जमानत भी मिल जाती है। यह सिलसिला अब "नियमित प्रक्रिया" बन चुका है, जिससे कानून की गंभीरता और प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाजसेवियों और पशु अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि केवल पकड़े जाने से अवैध तस्करी नहीं रुकेगी।

इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकारों को कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। मांग की जा रही है कि जो वाहन इस कार्य में प्रयुक्त होते हैं, उनका ड्राइविंग परमिट और आरसी स्थायी रूप से रद्द किया जाए तथा वाहन को स्थायी रूप से जब्त करने हेतु विशेष अधिनियम लाया जाए। डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती के अवसर पर गश्त कर रही जिला वर्धा की स्थानीय अपराध शाखा को गोपनीय सूचना मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने एक कंटेनर (HR-73/B-0056) को पकड़ा, जिसमें 53 भैंस के बछड़े निर्दयतापूर्वक ठूंसे गए थे। जानवरों को क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बांधा गया था, जिससे उन्हें गंभीर चोटें लग सकती थीं। बछड़ों को बिना पानी, चारा या दवा के रखा गया था, जो पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। सभी के खिलाफ हिंगणघाट पुलिस स्टेशन में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उद्धार किए गए सभी 53 भैंस के बछड़ों को "श्री गौ रक्षा संस्था, संत कबीर वार्ड, हिंगणघाट" में सुरक्षित पहुंचाया गया, जहां उनके चारे-पानी और देखरेख की उचित व्यवस्था की गई है।

### अब सवाल उठता है क्या सरकारें नींद से जागेंगी?

जब तक अवैध पशु तस्करी में शामिल लोगों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी और इस काम में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को स्थायी रूप से जब्त नहीं किया जाएगा, तब तक यह काला कारोबार ऐसे ही चलता रहेगा।

### पुलिस की सराहनीय कार्रवाई

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व किया पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े और वरिष्ठ निरीक्षक विनोद चौधरी ने। उनके निर्देशन में प्रकाश लासुंटे, पी.ओ. मनोज धात्रक, शेखर डोंगरे, अरविंद येनुर्कर, विनोद कापसे, सुगम चौधरी और शुभम राउत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मृतकों की संख्या पहुंची 6

# उमरेड विस्फोट कांड में एक और मजदूर की मौत



**उमरेड.** स्थानीय एमआईडीसी क्षेत्र स्थित एमएमपी कंपनी में 11 अप्रैल, शुक्रवार को हुए भीषण विस्फोट और आगजनी की घटना में एक और मजदूर करण शेंडे ने दम तोड़ दिया है। मंगलवार को नागपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान करण की मौत हो गई। इस प्रकार अब तक इस हादसे में मरने वालों की संख्या छह हो चुकी है। गौरतलब है कि हादसे के दिन ही दो मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि 12 अप्रैल को घटनास्थल से तीन मजदूरों के शव बरामद किए गए थे। छह गंभीर रूप से घायल मजदूरों को नागपुर में उपचार के लिए भेजा गया था, जिनमें करण शेंडे भी शामिल थे। सबसे दुखद बात यह है कि करण का बड़ा भाई निखिल तुकाराम शेंडे भी इस हादसे में अपनी जान गंवा चुका है। गोंडबोरी निवासी इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

घटना के दिन दोनों भाई एक साथ काम पर गए थे। निखिल घटनास्थल से बाहर नहीं निकल सका और मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि करण किसी तरह जान बचाकर बाहर निकला, लेकिन इलाज के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। करण की मौत से गोंडबोरी गांव में भी मातम पसरा हुआ है। इस हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों को श्रद्धांजलि देने के लिए एमआईडीसी परिसर स्थित अपेक्स कंपनी में अपेक्स मजदूर संघ की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता रोहित पारवे ने की। इस मौके पर मानव संसाधन प्रबंधक अश्विन नाईक, प्रभाकर बुचे, बबन देशमुख, अमित लाडेकर और चेतन झलके सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शाहीन अकैडमी का अब कामठी में भी नया केंद्र



**कामठी.**

प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था शाहीन अकैडमी, जो कि बीदर में अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जानी जाती है, अब कामठी में व्हाइट हाऊस, इमलिबाग मैदान मे भी अपने नए केंद्र की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन समारोह इमलिबाग स्थित समाज भवन में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहजहान शफाअत पूर्व अध्यक्ष, नगर परिषद कामठी ने की। मुख्य अतिथियों में शामिल रहे, सदीकुज्ज़मां अली अहमद (निदेशक), परवेज़ सिद्दीकी (संयुक्त सचिव, मिल्लत सोसाइटी), तथा साजिद खान (सुपरवाइज़र, रब्बानी जूनियर कॉलेज)। विशेष अतिथि के रूप में प्रो. मोहम्मद असरार और प्रो. मोहम्मद जुबैर अहमद, दोनों पोरवाल कॉलेज से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की और कामठी में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ऐसी संस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। शाहीन अकादमी के निदेशक एवं पूर्व प्राचार्य जफर अहमद खान ने विद्यार्थियो को करिअर के बारे मे मार्गदर्शन दिया. इसी प्रकार उन्होने शाहीन अकादमी की कार्याप्रणाली पर भो प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू हुआ और इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और छात्रों ने भाग लिया। आयोजकों में प्रमुख रूप से जफर अहमद खान, फज़्ले मोबिन सिद्दीकी, वसीम काज़ी, मो. सोहैल, और नूर अंसारी शामिल रहे।शाहीन अकैडमी का यह नया केंद्र कामठी क्षेत्र के छात्रों को नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी प्रदान करेगा।

# टायर फटने से अंडों से भरी पिकअप पलटी, चालक-परिचालक सुरक्षित, भारी नुकसान

**कोंढाली.**





नागपुर से अमरावती की ओर जा रही अंडों से भरी पिकअप गाड़ी (एमएच-27 बीएक्स-9918) का टायर फटने से गाड़ी पलट गई। यह दुर्घटना 15 अप्रैल की शाम लगभग 6:30 बजे कोंढाली से तीन किलोमीटर दूर सालई शिवार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53/06 पर घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन चालक तौसिफ पठान अंडों से भरी पिकअप लेकर नागपुर से अमरावती की ओर जा रहे थे। सालई शिवार के पास अचानक टायर फटने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप पलट गई। इस दुर्घटना में चालक व परिचालक को कोई चोट नहीं आई है, वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि, पिकअप में लदे अंडों को भारी नुकसान हुआ है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही खुर्सापार चौकी के राजमार्ग सुरक्षा पुलिस दल के पुलिस उपनिरीक्षक भिलावे, हेड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश पवार व अन्य स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य किया। घटना की सूचना कोंढाली के समाजसेवी रमजान पठान द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई। इसके बाद कोंढाली पुलिस स्टेशन को भी जानकारी दी गई। थानेदार राजकुमार त्रिपाठी ने ऑन ड्यूटी एएसआई राजकुमार कोल्हे व नापोशी मनोज आगरकर को मौके पर भेजकर पंचनामा करने के निर्देश दिए। इस दुर्घटना में भले ही जनहानि नहीं हुई हो, लेकिन अंडों व वाहन का भारी नुकसान हुआ है।

# बुनकर कॉलोनीवासियों ने की हैंडपंप ठीक कराने की मांग



**कामठी.**

नगर के वार्ड क्र 1 बुनकर कॉलोनी में 35 साल पुराना लगा सरकारी हैंडपंप पिछले कई दिनों से बार बार खराब हो रहा है। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। वह या तो दुकानों से पाउच और बोतल खरीदकर पानी पी रहे हैं या फिर दुकानदारों से पानी की डिमांड करते हैं। कोशिश फाउंडेशन की ओर से वार्ड क्र 1 के पूर्व नगरसेवक आसिफ सरमतिया से ज्ञापन सौंपकर हैंडपंप को सही कराने की मांग की है ज्ञापन सौंपते समय कोशिश फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहसिन अख्तर, उपाध्यक्ष आरिफ़ अख्तर, महासचिव मोहसिन कुरैशी, सचिव तंजिम अहमद सहित अब्दुल अजीज अब्दुल्ला, अनीस अहमद, तारिक कमाल, मोहसिन रज़ा, मोहम्मद मोहसिन, शाहिद अहमद, कलीम अहमद, मोहम्मद आरिफ आदि प्रमुखता से मौजुद रहें।

# महात्मा फुले नगर से सोमलवाड़ा तक डॉ. आंबेडकर जयंती पर भव्य महारैली का आयोजन



**नागपुर.** महामानव डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में सुजाता महिला मंडल, महात्मा फुले नगर तथा युवा मित्र मंडल, सोमलवाड़ा वर्धा रोड, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य महारैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले नगर स्थित बौद्ध विहार में पंचशील और अष्टशील के पठन से की गई। इसके पश्चात भोजनदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभाग लिया। बाबासाहब आंबेडकर और भगवान बुद्ध की भव्य झांकी, बैंड-बाजे और बग्घी के साथ रैली निकाली गई। रैली में मंडल की महिलाओं ने पारंपरिक सफेद रंग की नववारी साड़ी पहनकर लेझिम खेलते हुए 'जय भीम' के नारों से माहौल गूंजा दिया। यह रैली वर्धा रोड से होकर सोमलवाड़ा तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता, बौद्ध मूल्यों और डॉ. आंबेडकर के विचारों के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई ⁝ शोभायात्रा निकाली गई

**खापरखेड़ा.**



डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर खापरखेड़ा के नवीन बीना बौद्ध विहार से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल तथा राहुल नवयुवक संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुबह की शुरुआत "जय भीम बाल रैली" से हुई, जिसका नेतृत्व वनदेव लांजेवार और सुरेश गजभिए ने किया। रैली में बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया और उनके जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल दत्तगुरु तागड़े और सुरेखा तागड़े ने नीला झंडा फहराकर किया जबकि आम्रपाली महिला मंडल ने परित्राण पाठ के साथ कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग दिया। शाम को निकली शोभायात्रा का नेतृत्व डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े (अध्यक्ष), अनिल लांजेवार (उपाध्यक्ष), मुकेश बागड़े (सचिव), रवींद्र ढोके (कोषाध्यक्ष), नरेश डोंगरे (ऑडिटर) और सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों ने किया। शोभायात्रा में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें रवींद्र चिखले, अमोल कलंबे, ठेकेदार अनीस चवरे, कविता बोरकर, दर्शना बोरकर, कमलेश भास्कर, सचिन नागरकर, विजय वासनिक, प्रशांत चव्हाण, मुकेश नायडू, पंकज चुकांबे, उत्तम खोब्रागड़े, विजय निकोसे आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। चंदूजी वासनिक (नवीन बीना), मोरेश्वर लाडे (प्रकाश नगर कॉलनी), श्रीराम मंदिर समिति, रेलवे चौकी पर अमर जैन, पत्रकार राजेश खंडारे, विनोद गोडबोले, कांग्रेस एवं भाजपा कार्यालय, दुकानदार संगठनों ने जलपान, शरबत, मठा, मिठाई और पानी वितरित कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पूरे खापरखेड़ा क्षेत्र में जय भीम के नारों और सामाजिक समरसता के संदेश गूंजते रहे। इस कार्यक्रम की सफलता में ज्ञानेश्वर ढोके, मिलिंद गौरकर, आनंद वासनिक, पृथ्वीराज गोलाइत, प्रगनानंद तागड़े, रितेश ढोके, मंगेश सोनटक्के, कांता बागड़े, मालवी नारनवरे, वंदना गणवीर, अंकित लांजेवार, आकाश वासनिक, ऋषभ गणवीर, मोनू ढोके समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया। यह शोभायात्रा सामाजिक एकता, श्रद्धा और प्रेरणा का प्रतीक बनकर क्षेत्रवासियों के लिए एक अविस्मरणीय आयोजन सिद्ध हुई।

# एनसीसी छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन



**कामठी.** सेठ के श्रीमाल पोरवाल कॉलेज की सीसी इकाई द्वारा अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष 12 एनसीसी के छात्र सी सर्टिफिकेट की परीक्षा उत्तीर्ण करके जारहे हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इन 12 छात्र-छात्राओं के लिए सवार हो आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्राध्यापक डॉक्टर विनय चौहान ने की। उपप्राचार्य डॉ रेनू तिवारी तथा उप्राचार्य डॉक्टर मनीष चक्रवर्ती मुख्य अतिथि थे। सर्वप्रथम एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद असरार ने इस समारोह के आयोजन की रूपरेखा अतिथियों के सामने रखी। तत्पश्चात डॉक्टर रेनू तिवारी तथा डॉ. मनीष चक्रवर्ती ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अपने अध्यक्ष से संबोधन में प्राचार्य महोदय ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सी सर्टिफिकेट उत्तीर्ण हो जाना है सब कुछ नहीं है बल्कि उन्हें जल्द से जल्द अपने लिए कोई कार्य की तलाश करनी होगी और कहीं ना कहीं अपने जीवन की नई शुरुआत करनी होगी। यही जीवन के असल सफलता है। कॉलेज भी सभी छात्र-छात्राओं से यह आशा रखता है कि जो विद्यार्थी यहां से सीसी उत्तीर्ण होकर निकल रहे हैं वह कहीं ना कहीं देश सेवा में सम्मिलित हों। इस समारोह का सूत्र संचालन एनसीसी छात्र जाह्नवी डुबंरे ने किया। सभी छात्र-छात्राओं को भेंट वस्तु देकर उन्हें सम्मानित किया गया तथा सभी के लिए दोपहर के खाने की व्यवस्था की गई थी। अंत में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद असरार में प्राचार्य महोदय तथा सभी अतिथियों की प्रति आभार व्यक्त किया। इस समारोह के लिए जानवी डुबंरे, साहिल सहारे, संतोषी राउत, अंचल ठाकुर, प्रेम गिरी, मोहित क्षीरसागर आदि छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्थ सहयोग दिया।

# रिपाईं ने धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती



**कामठी.** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (रिपाईं) गवई ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर की और से दुर्गा चौक का स्थित कार्यालय में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई। ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने शहर अध्यक्ष प्रदीप वासनिक की प्रमुख उपस्थिति में बाबा साहब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। रिपरिपाई ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने कहा कि आंबेडकर एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि सर्व स्वीकार्य समाज के कल्याण की विचारधारा है ,जिसमें समता, समानता, बंधुता एवं भाईचारे का आधार सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। इस मौके पर उदय नागदेवे, राजू मेश्राम, राजू खोब्रागड़े, अंकुश चव्हाण, राजेश रामटेके, शैलेश मेश्राम, मनोहर कनोजे, रणजीत पाटील, अविनाश डहाट अक्षय भौंडेकर आदि प्रमुखता से मौजुद रहें.

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर पारशिवनी में भव्य भोजनदान एवं रैली का आयोजन



**पारशिवनी.** डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में पारशिवनी-सावनेर मार्ग स्थित रंगारी रेस्टोरेंट की ओर से भव्य भोजनदान का आयोजन कर जयंती को ससम्मान मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई, जिससे वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का संचार हुआ। महामानव डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों और पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनके प्रयासों के कारण आज सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। जयंती के मौके पर पूरे शहर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था, साथ ही विशाल प्रवेश द्वार भी लगाए गए थे। शाम को एक भव्य रैली निकाली गई, जिसमें हजारों अनुयायियों ने हिस्सा लिया। "जय भीम" के नारों से पूरा शहर गूंज उठा और वातावरण सामाजिक समरसता एवं समानता के संदेश से भर गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से विनोद रंगारी, बबलू रामटेके, यादव मेश्राम, कल्याण अडकणे, प्रमोद सुखदेव, पूरणदास गजभिए, अनिल गजभिए, रोशन थोटे सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित करता रहा।

# कोंढाली क्षेत्र में एनएच-53 पर स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर अनिश्चितता बरकरार

## निर्माण कार्य अधूरा, आधे हिस्से में अब तक नहीं लगी लाइटें

**कोंढाली.**





नागपुर (वाडी) से कोंढाली तक लगभग 43 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-53) का फोरलेन निर्माण सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत बालाजी टोलवेज और अटलांटा रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया गया है। कोंढाली नगर पंचायत के भौगोलिक सीमा क्षेत्र में एनएच-53 पर लगाई जा रही स्ट्रीट लाइट का कार्य अब तक अधूरा है। नगर पंचायत के आधे क्षेत्र में अब तक स्ट्रीट लाइट के खंभे भी नहीं लगाए गए हैं, जबकि कुछ हिस्सों में खंभे लगने के बावजूद बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण लाइटें चालू नहीं हो सकीं हैं। इस कारण सड़क पर अंधेरा बना रहता है और नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोंढाली नगर पंचायत सीमा के अंतर्गत आने वाले जाम नदी पुलिया से लेकर कोंढाली पेट्रोल पंप तक सड़क के बीचों-बीच 12 स्ट्रीट लाइट पोल लगाए गए हैं। वहीं पेट्रोल पंप से सोनेगांव तक के हिस्से में 16 स्ट्रीट लाइट पोल अब तक स्थापित नहीं किए गए हैं। दुधाला से पेट्रोल पंप तक कुछ पोल लगाए जरूर गए हैं, पर उनमें बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। इस संदर्भ में जब एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के परियोजना निदेशक सालुंके से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि कोंढाली नगर पंचायत क्षेत्र के जिस हिस्से तक पोल लगाए गए हैं, केवल वहीं तक की मंजूरी मिली थी। आगे के हिस्से के लिए नई मंजूरी की आवश्यकता है, जिसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। स्थानिक जनप्रतिनिधियों द्वारा यह मांग की गई है कि कोंढाली नगर सीमा क्षेत्र में राजमार्ग पर उड़ानपुल के दोनों ओर पर्याप्त रोशनी के लिए डबल आर्म स्ट्रीट लाइट लगाई जाएं, और सभी लाइटों को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। कोंढाली के वर्धा टी पॉइंट से लेकर 50 किलोमीटर तक के राजमार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। इसमें दुर्गा प्रसाद पांडे, स्वप्निल व्यास, नितीन, कमलेश गुप्ता, याकूब पठाण, बबलू बिसेन, अंसार बेग, अरुण खोडणकर, रामदास मरकाम, सुरेंद्र कुर्वे, शाम बागडे, प्रज्वल धोटे, रजा पठाण, अफसर हुसैन, गौरव ठवले, प्रमोद व. चाफले, किशोर रेवतकर, प्रकाश गुजर, कुणाल भांगे, प्रमोद आष्टणकर, रोहित गोलाईत, संजय गायकवाड़, चंद्रशेखर चरडे, परीमल हिंगणकर, विकास कामडी, बाबाराव मालोदे आदि शामिल हैं। जनता ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही संबंधित विभाग इस समस्या का समाधान करेगा और राजमार्ग को पूरी तरह रोशन करेगा।

# बेलोरा एयरपोर्ट जनता को समर्पित, पहले प्लेन को दी गई वॉटर कैनन से सलामी

## > मुख्यमंत्री बोले- अमरावती का मुझ पर कर्ज

**अमरावती.**

पश्चिम विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले अमरावती एयरपोर्ट का लंबे इंतजार के बाद आज उद्घाटन हो गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ मिलकर एयरपोर्ट को जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री अपने तमाम मंत्रिमंडल के साथ मुंबई से अमरावती अलायन्स एयर से अमरावती एयरपोर्ट पर लैंड हुए। जहां वॉटर कैनन से सलामी देकर पहले प्लेन का स्वागत किया गया। इस दौरान बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, "अमरावती का मुझपर कर्ज है। अगर अमरावती में कुछ अच्छा होता है तो मेरी मां सबसे ज्यादा खुश होती हैं। इसलिए, मेरी मां को खुश करना मेरी खुशी का एक कारण है।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने आज इस हवाई अड्डे का काम पूरा कर लिया। 2019 में काम शुरू हुआ। मोदी सरकार के प्रयासों से महाराष्ट्र और केंद्र सरकार ने काम अपने हाथ में लिया। रनवे का विस्तार किया गया, नवनीत राणा उनके साथ थीं। फिर किसी कारणवश इसे बंद कर दिया गया। केन्द्र सरकार से संबंधित कार्य शुरू हो रहे थे। राज्य सरकार से संबंधित कार्य धीमी गति से चल रहे थे। लेकिन फडणवीस ने कहा कि शिंदे सरकार के सत्ता में आने के बाद काम तेजी से शुरू हुआ।

केंद्र सरकार ने हवाई अड्डे के लिए पहला विमान उपलब्ध कराया। हम इसी विमान से आये। यहां एक पायलट प्रशिक्षण स्कूल शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पायलट प्रशिक्षण स्कूल की स्थापना से अमरावती विश्व मानचित्र पर प्रसिद्ध हो जाएगा। यह दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा स्कूल होगा। हर साल अमरावती से 180 पायलटों को प्रशिक्षित किया जाएगा और लगभग 34 विमान खड़े किए जाएंगे। ये विमान प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। पायलट प्रशिक्षण स्कूल के आगमन से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। नौकरियाँ बढ़ेंगी। मोदी सरकार के कार्यकाल में मिली यह एक बड़ी सौगात है।

अमरावती को शहर के रूप में नहीं जाना जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने यह भी बताया कि दुनिया में दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा पायलट प्रशिक्षण स्कूल जहां है, वह हमारे अमरावती में है, अमरावती को ऐसी पहचान मिलेगी।"

### दो घंटे में अमरावती से मुंबई

अमरावती हवाई अड्डा अब आम जनता के लिए खुल गया है। अलायन्स एयरलाइन्स का पहला 72 सीटर विमान अमरावती एयरपोर्ट पर उतरा। पहले फ्लाइट में मुख्यमंत्री फडणवीस अपने दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार सहित पूरी कैबिनेट के साथ अमरावती एयरपोर्ट पर पहुंचा।पहले विमान में यह उड़ान सेवा केवल वीआईपी लोगों के लिए थी, लेकिन आज से आम नागरिक भी इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। अमरावती से मुंबई तक रेल से यात्रा करने में 12 घंटे लगते हैं। हवाई सेवा से यह दूरी मात्र ढाई घंटे रह जाएगी। अब अमरावती के लोगों को 10 घंटे की बचत होगी।




# इनरव्हील क्लब ने की नागरिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था

> गर्मी में प्यासे राहगीरों को राहत
>
> शहर में दो स्थानों पर लगाए गए पानी प्याऊ




**हिंगनघाट.**

जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे शहर में प्यास बुझाने की जरूरत भी महसूस हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इनरव्हील क्लब हिंगणघाट द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए दो स्थानों पर ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इन पाणि प्याऊ का निर्माण क्लब की अध्यक्षा डॉ. रूपल कोठारी की संकल्पना से किया गया है। उप-जिला अस्पताल और शहर के साप्ताहिक आठवड़ी बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह प्याऊ लगाए गए हैं, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। उपजिला अस्पताल स्थित प्याऊ का उद्घाटन रोटरी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक मुखी एवं डॉ. प्रशांत कोठारी के करकमलों द्वारा किया गया। वहीं आठवड़ी बाजार में स्थापित प्याऊ का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मालेगांव द्वारा किया गया।

इन प्याऊ से नागरिकों को निःशुल्क शीतल जल की सुविधा प्राप्त हो रही है और इसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है। यह पहल गर्मी में राहगीरों के लिए संजीवनी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की सदस्याएं – सारिका डोंगरे, कुमुद व्यास, छाया सातपुते, वर्षा बोंरगमवार, शोभा बोथरा, छाया लाहोटी, संतोषी दीया, सुचिता मुंधड़ा, संगीता मेंढे, सारिका बिडकर और मेघा नाहर उपस्थित रहीं। इस सामाजिक और जनहित के कार्य की शहरभर में सराहना की जा रही है। इनरव्हील क्लब का यह प्रयास निश्चित रूप से सेवा की मिसाल है।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों में राष्ट्रीयता और समरसता को प्राप्त था प्रथम स्थान: किशोर चवरे

**हिंगनघाट.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने सामाजिक समता और समरसता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। वे जानते थे कि जब दिलों में समरसता उत्पन्न होती है, तभी समाज में सच्ची समता स्थापित हो सकती है। यही कारण है कि उन्होंने हमेशा शिक्षा, समानता और बंधुता को प्राथमिकता दी।

भारत विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंगनघाट में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्याध्यापक किशोर चवरे ने यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के विचारों में राष्ट्रीयता और सामाजिक समरसता को सर्वोपरि स्थान प्राप्त था। उन्होंने आगे कहा कि अतीत में समाज के कई वर्गों पर अन्याय हुआ और उन्हें विषमता का सामना करना पड़ा। लेकिन आज डॉ. आंबेडकर के प्रयासों के कारण एक समतामूलक वातावरण का निर्माण हो रहा है, जिसमें सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर पर्यवेक्षिका मनीषा कोंडावार, निलांक्षी बुरिले, वरिष्ठ शिक्षिक डॉ. गजानन सयाम आदि मान्यवर उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. गजानन सयाम ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें अपूर्वा सुपारे, अनुष्का बोभाटे, वेदिका मुले, निर्मीत पोहाणे, धनश्री जयसवाल और नेहल पोहाणे प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन रोहिणी देशपांडे ने किया।

यह आयोजन डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा देने वाला रहा।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

## > राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने किया शोभायात्राओं का भव्य स्वागत

**हिंगनघाट.**

भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न वार्डों से भव्य शोभायात्राएँ निकाली गईं, जिनका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से सन्मान चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया।

राष्ट्रवादी चौक पर आयोजित मुख्य समारोह का नेतृत्व प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण कर की गई। इस अवसर पर जिल्हाध्यक्ष सुनील राऊत, सहकार नेता वासुदेव गौलकार, जिल्हा सरचिटणीस दशरथ ठाकरे, शहराध्यक्ष बालू वानखेडे एवं समाजसेवक सुनील डोंगरे मंच पर उपस्थित रहे। शहर भर से कुल 13 शोभायात्राएँ निकाली गईं, जिनके अध्यक्ष एवं सदस्यों का शाल, श्रीफल व सन्मान चिन्ह देकर स्वागत किया गया। सभी उपस्थितों को कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। इस आयोजन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गट) के विधानसभा बूथ अध्यक्ष अमोल बोरकर, विजय तामगाडगे, गुड्डू घवघवे, ॲड. दिनेश झिलटे, सिद्धार्थ मस्के, रवी डेकाटे, रवी गिरसावले, सुनील भुते, राजू मेसेकर, मीना सोनटक्के, दिपाली रंगारी, आंचल वकील, किशोर चांभारे, जितेंद्र रघाटाटे, परम बावणे, सुनिल घोडखांदे, प्रवीण भूते, बच्चू कलोडे, कुणाल येसंबरे, नितीन भुते, सुभाष सोयाम, करीम खान, पत्रकार नदीम भाई, गजू महाकालकर, बबलू शेख, अनिल भुते, पंकज भट, राजू मुडे, सुशिल घोडे, गोलू भूते, मो. शाहिद, नदीम अली, अमित रंगारी, राहुल जाधव, आकाश हुरले, सौरभ घोडखांदे, कुणाल घोल्हर, विपुल वाढई, अभिजीत साबले, कुणाल भूते, मनीष मुडे, स्वप्नील पांडे, दिलीप जाधव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।




# एचपीएल 2025 ग्रैंड फ़ाइनल: दीपवंदन बना चैंपियन, आशा काइनेटिक ग्रीन को दी मात

**हिंगनघाट.**

पैसिफिक क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हिंगणघाट प्रीमियर लीग (एचपीएल) 2025 का बहुप्रतीक्षित ग्रैंड फ़ाइनल कल रात बसंत विहार ग्राउंड में भव्य रूप से संपन्न हुआ। स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा था, लाइव वीडियो कवरेज, कमेंट्री और स्कोरिंग की व्यवस्था ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

फ़ाइनल मुकाबला आशा काइनेटिक ग्रीन और दीपवंदन के बीच खेला गया, जिसमें दीपवंदन ने दबाव भरे इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।




दीपवंदन की जीत के नायक रहे 'आशु', जिन्होंने हरफनमौला खेल दिखाते हुए न केवल प्लेयर ऑफ द मैच बल्कि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब भी जीता। वहीं, गौरांग धागे को उनके शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। एचपीएल 2025 ने हिंगणघाट में क्रिकेट के प्रति लोगों के जुनून और स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच देने का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। दीपवंदन टीम को चैंपियन बनने पर ढेरों बधाइयाँ!

# शिक्षकों के बकाया भुगतान को लेकर शिक्षा मंत्री से मुलाकात , सौंपा गया ज्ञापन

**कारंजा.**

वर्धा जिले के कई जूनियर कॉलेजों के शिक्षकों को पिछले एक वर्ष से उनका बकाया वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। कुछ शिक्षकों को जहां आंशिक भुगतान की मंजूरी मिल चुकी है, वहीं कई अन्य अभी भी भुगतान से वंचित हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन 31 मार्च को, बीएमएस प्रणाली को दोपहर 12 बजे के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया गया। बताया गया है कि निर्धारित समय में छत्रीय कार्यालय ने बकाया भुगतान से संबंधित प्रस्ताव डी.डी.ओ 3 को प्रस्तुत कर दिया था और उसे डायरेक्टर को भी फॉरवर्ड कर दिया गया था। शिक्षा संचालनालय पुणे से रात



11:38 से 12:40 बजे के बीच बकाया भुगतान की मंजूरी भी प्राप्त हुई, लेकिन महाकोष प्रणाली पहले ही बंद हो जाने के कारण नागपुर विभाग के शिक्षक व कर्मचारियों को यह भुगतान नहीं हो सका। इस संदर्भ में महाराष्ट्र राज्य शिक्षक सेना की ओर से शालेय शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे को मुंबई स्थित उनके सरकारी निवास पर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रा. प्रदीप झुटी व संदीप भिसे (पूर्व तालुका प्रमुख, शिवसेना) द्वारा दिया गया।

# पांडुरंग तुलसकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**हिंगनघाट.**

विद्या विकास शिक्षण संस्था, हिंगनघाट द्वारा संचालित पांडुरंग तुलसकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मातोश्री आशाताई कुणावर महिला महाविद्यालय, तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, तुलसकर कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा ब्रिलियंट स्कूल, हिंगनघाट द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या विकास शिक्षण संस्था के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुलसकर ने की, वहीं प्रमुख अतिथियों में डॉ. महेंद्र गुंडे, प्रा. राकेश साटोने और प्रा. अभय दांडेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पूजन से की गई। अपने प्रस्ताविक भाषण में प्रा. अभय दांडेकर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. आंबेडकर के समाज निर्माण से जुड़े विचारों को साझा किया। डॉ. महेंद्र गुंडे ने डॉ. आंबेडकर के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रा. राकेश साटोने ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश तुलसकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में डॉ. आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। सभी वक्ताओं ने भारत को सशक्त बनाने के लिए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने और उस दिशा में कार्य करने की अपील की।




कार्यक्रम का संचालन प्रा. भाग्यश्री साबले ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रा. संगीता लांडगे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शिक्षिकाएं, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर पुलिस पाटिल कोल्हे का संकल्प

## > गांव की मराठी शाला बंद नहीं होने देंगे

**वर्धा.**

ग्राम तलोदी में जिला परिषद प्राथमिक शाला एवं ग्राम पंचायत कार्यालय की ओर से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती समारोह बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गांव के वरिष्ठ नागरिक विठ्ठलराव धाबर्डे द्वारा डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन से हुई। इसके पश्चात उपस्थित सभी नागरिकों ने बाबासाहब को नमन किया।



इस अवसर पर कक्षा चौथी की छात्रा निराली ढेपे ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। वहीं, विठ्ठलराव धाबर्डे ने महिलाओं के उत्थान के लिए बाबासाहब द्वारा किए गए कार्यों पर विशेष मार्गदर्शन किया। गांव के पुलिस पाटील विजय कोल्हे ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया था। आज के समय में गांव की शाला को टिकाए रखना बेहद जरूरी है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना होगा। उन्होंने संकल्प लिया कि गांव की मराठी शाला को बंद नहीं होने देंगे।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविका कविता बावणे, सहायिका मनीषा वकरकर, आशा वर्कर वंदू तोतडे, मुख्याध्यापक प्रवीण क्षीरसागर, सहायक शिक्षिका स्वाती जगताप, ग्राम सचिव सारिका चौधरी, शिपाई राहुल जिन्दे, रोहित गिरी, विनोद उईके, गजानन तोतडे, देवका तोतडे, नीता राऊत सहित शाला के विद्यार्थी, छात्राएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिठाई वितरण के साथ हुआ।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को पोस्टर स्पर्धा के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

## > इंदिरा हाईस्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय, भानखेड़ा की पहल



**वर्धा.**

इंदिरा हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, भानखेड़ा की ओर से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में "पोषण आहार" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं वक्तृत्व स्पर्धा जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दीपक कदम ने की, वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में कस्तूरबा हॉस्पिटल सेवाग्राम की समाजसेविका शुभांगी पाटील उपस्थित थीं।

"पोषण आहार" विषय पर प्रबोधनात्मक पोस्टर प्राची अंड्रस्कर, मयूर विंचूरकर, दुर्गेश धुर्वे एवं प्राची मुंगले ने प्रस्तुत किए। डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में अंजली राऊत, जास्मिता ठाकरे, तेजू भोंडे, अक्षरा भगत, पूजा सोनुले, गायत्री चौधरी एवं संकेत देवड़े आदि विद्यार्थियों ने अभ्यासपूर्ण निबंध प्रस्तुत किए। वक्तृत्व प्रतियोगिता में श्रेया मंगरे, समीक्षा भोयर, भैरवी भोयर एवं अनुष्का भगत आदि विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रा. दीपक कदम ने डॉ. आंबेडकर के सफलता का रहस्य एक प्रेरणादायी कथा के माध्यम से साझा किया। शुभांगी पाटील ने "आहार और पोषण का मानव उन्नति में महत्व" विषय पर मार्गदर्शन किया। वहीं, शिक्षिका श्रीमती वर्षा नागटोड़े ने "डॉ. बाबासाहेब का अस्पृश्यता निवारण कार्य" विषय पर विचार रखे। शिक्षिका अपर्णा सोनकुसरे ने डॉ. आंबेडकर की ग्रंथ संपदा व उसकी आज के युग में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रास्ताविक राजेश हरणे ने किया, संचालन ज्योति सालंकार ने संभाला और आभार प्रदर्शन प्रा. विद्या उईके ने किया।

इस कार्यक्रम में गोजी, येसंबा, रायफुली, आष्ठा, पूजई, धानोरा व भानखेड़ा आदि गाँवों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र गलांडे, प्रा. पवन आडे, अतुल सोनटक्के, मधुकर मोहिजे तथा विद्यार्थियों में भावेश सावरकर, रोहित कोकाटे, भावेश शिंदे, जान्हवी गुरनुले, वेदांती सोनुले, श्रुति चौके, श्रेया मंगरे, नाजुका धारणे, ईश्वरी चौधरी, तुषार देशमुख, अंशुमन भोयर, प्रथम वाणी, समर चौके, गणेश सोनुले, तेजस्विनी ढोक आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बस यात्रा के दौरान महिला के 4.25 लाख रुपये की चोरी

## > हिंगनघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज

**हिंगनघाट.**

पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ बस यात्रा के दौरान बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ने महिला के हैंडबैग से नकद रुपये और सोने के गहनों सहित कुल 4 लाख 25 हजार रुपये का मुद्देमाल चुरा लिया। यह घटना 14 अप्रैल को प्रकाश में आई, जिसके बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वच्छला गोपालराव बोरघरे (उम्र 65), निवासी बुट्टीबोरी, जिला नागपुर, अपनी बहू के साथ अपने रिश्तेदार के यहां हिंगणघाट में आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए बस से आ रही थीं। घर पर कोई न होने के कारण उन्होंने अपने सोने के आभूषण और नकद रुपये साथ लाए थे।

महिला ने बताया कि वह 14 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे बुट्टीबोरी से हिंगणघाट के लिए बस में सवार हुई थीं। जब वह



हिंगणघाट के नंदोरी चौक पर बस से उतरने लगीं और टिकट दिखाने के लिए हैंडबैग में पर्स तलाशा, तो वह गायब मिला। दोबारा जांच करने पर पता चला कि हैंडबैग से नकदी और आभूषण सहित कुल 4.25 लाख रुपये का सामान चोरी हो चुका है।

### जांच जारी है

हिंगनघाट पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करें और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें।



# दिल्ली के दरबार में कैपिटल्स का शासन

## दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में मारी बाजी, राजस्थान की लगातार तीसरी हार








**नई दिल्ली.**

दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को हरा दिया है. सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने दिल्ली को 12 रनों का लक्ष्य दिया था. जिसे दिल्ली ने 4 गेंदों में हासिल कर लिया. केएल राहुल ने संदीप शर्मा की तीन गेंदों में एक चौके की मदद से 7 रन बटोरे. इसके बाद चौथी गेंद पर ट्रिस्टन स्टब्स ने छक्का जड़कर दिल्ली को मैच जीता दिया. दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्य के बीच खेला गया मैच टाई हो गया है. आखिरी ओवर में राजस्थान को जीतने के लिए रनों की जरुरत थी. लेकिन वो सिर्फ 8 रन बना पाए. जिसकी वजह से मैच बराबरी पर खत्म हुआ.

189 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन बना पाई. राजस्थान के लिए नितीश राणा और यशस्वी जायसवाल ने 51-51 रनों की पारी खेली. संजू सैमसन ने 31 रनों का योगदान दिया. वहीं ध्रुव जुरेल ने नाबाद 26 रन बनाए. दिल्ली के लिए मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट लिए. इससे पहले दिल्ली ने अभिषेक पोरेल की 49 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवरों में 5 विकेट पर 188 रन बनाए थे. जोफरा आर्चर ने राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा दो विकेट लिए थे. मैच टाई होने के बाद अब मैच का नतीजा सुपर ओवर में तय होगा. राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2025 में अभी तक उतार-चढ़ाव भरा रहा है. संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम को जीत से ज्यादा हार का सामना करना पड़ा है. टीम में सभी खिलाड़ी एक साथ मिलकर लगातार दमदार प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं. हर मैच में कोई न कोई खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से निराश करता है. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान के अनुभवी गेंदबाज संदीप शर्मा की स्थिति कुछ ऐसी ही रही, जिन्होंने एक ही ओवर में वाइड की झड़ी लगा दी. नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार 16 अप्रैल को खेले गए मुकाबले में राजस्थान की टीम पहले गेंदबाजी करने उतरी. इस मुकाबले में दिल्ली के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज बड़ी और तेज पारियां खेलने में नाकाम रहे. बीच के ओवर में जरूर कुछ रन तेजी से आए लेकिन फिर भी राजस्थान के गेंदबाजों ने दिल्ली को कंट्रोल में रखा था. संदीप ने इसमें अच्छी भूमिका निभाते हुए 3 ओवर में सिर्फ 14 रन ही दिए थे.

ऐसे में आखिरी ओवर में उनको ही गेंदबाजी के लिए लगाया गया, ताकि दिल्ली के बल्लेबाजों को ज्यादा रन न दिए जाएं. संदीप के प्रदर्शन को देखते हुए ये फैसला गलत नहीं था लेकिन जैसे ही ये ओवर शुरू हुआ, ऐसा लगा कि संदीप बॉलिंग करना ही भूल गए. इस गेंदबाज ने ओवर की शुरुआत वाइड बॉल से की. फिर अगली गेंद सही थी और उस पर कोई रन भी नहीं दिया. मगर एक बार फिर उनकी लय बिगड़ गई और अगली लगातार 3 गेंद वाइड डाल दीं. फिर अगली गेंद उनकी सटीक स्टंप की लाइन पर थी और इस पर एक रन ही आया था लेकिन इसमें उन्होंने क्रीज की सीमा लांघ दी और इसे नो-बॉल दे दिया गया. जैसे ही अंपायर ने नो-बॉल कहा, राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ भी बौखला गए और अपनी निराशा जाहिर करने लगे. ऐसे में दिल्ली को फ्री-हिट मिली और ट्रिस्टन स्टब्स ने इस पर चौका जमा दिया. फिर अगली गेंद पर भी उन्होंने छक्का जमा दिया.कुल मिलाकर इस ओवर में संदीप ने 4 वाइड गेंद डाली, जबकि एक नो-बॉल भी दी.

### 4 गेंद में जीत गई दिल्ली



☐ दिल्ली से सुपर ओवर में केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स बैटिंग करने आए। राजस्थान से संदीप शर्मा बॉलिंग करने आए। राहुल ने पहली गेंद पर 2 रन लिए। उन्होंने दूसरी गेंद पर चौका लगा दिया। तीसरी गेंद पर सिंगल आया। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया और टीम को जीत दिला दी।

## सौसर में अवैध शराब अड्डों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



**सौसर.** जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले के सौसर आबकारी वृत्त अंतर्गत अवैध शराब निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ग्राम बड़गा बौंडी, बागोड़ा ढाना, उदेकांटा, घोंदी एवं कोंडा सावरी के नदी-नालों में चल रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान अलग-अलग स्थानों से एक भट्टी सहित 7500 किलोग्राम महुआ लाहन और 45 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई। इसके तहत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1) च के तहत 5 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक भारती गौड़, अर्चना घोरमारे, जीत सिंह एवं आबकारी आरक्षकगण उपस्थित रहे। जिला आबकारी विभाग द्वारा यह सख्ती आगे भी जारी रखने की बात कही है।

## बेरडी गांव में लो वोल्टेज से हाहाकार




**सौसर.** देर रात से बेरडी की बिजली सप्लाय को सौसर से काटकर उटिकटा जोड़ दिया गया है, जिससे होल्टेज की समस्या उत्पन्न हुई है. ना ही किसानो के खेत में पंप चल रहे है, ना ही घरो में लाइट फैन होल्टेज की कमी की समस्या के कारन ग्रामवासी पहले ही परेशांन है. सभी ग्राम वासियो ने कार्यपालन अभियंता से निवेदन करते हुए कहा बेरडी की बिजली सप्लाय पूर्वानुसार सौसर सब सटेशन से शुरू की जाये अन्यथा ग्रामवासी इसका कड़ा विरोध करते हुए उग्र आंदोलन करेंगे इस बात की चेतावनी ग्राम वासियों ने दी.

## आरपीएफ ने बल्लारशाह स्टेशन पर पकड़ा 1.650 किग्रा गांजा



**नागपुर.** मध्य रेल नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने बल्लारशाह स्टेशन पर गश्त के दौरान 1.650 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 30,000 रुपये आंकी गई है। घटना सोमवार शाम करीब 5.54 बजे की है, जब आरपीएफ एएसआई मंगेश पैघन, शिलेश पाटिल और मंगलदीप प्लेटफार्म नंबर 1 पर चंद्रपुर छोर की ओर गश्त कर रहे थे। बेस किचन की दीवार के पास उन्हें एक लावारिस बैग और एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति घबरा गया और भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क आरपीएफ जवानों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान संदिग्ध व्यक्ति असहज महसूस करने लगा और उसके मुंह से झाग आने लगा। स्थिति को देखते हुए आरपीएफ ने तुरंत मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई। बैग से गांजे जैसी गंध आने पर एएसआई पैघन ने बैग की तलाशी ली और उसमें से 1.650 किग्रा गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बैग अपना होने की बात कबूल की। आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर प्रारंभिक कार्रवाई के बाद मामला लोहमार्ग पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## पर्यटकों के लिए यादगार रही 'बाजीराव' की झलक

### पेंच टाइगर रिज़र्व में अमेरिकी मेहमानों की रोमांचक सफारी





**नागपुर.**

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर बसे पेंच टाइगर रिज़र्व में हाल ही में डेक्कन ड्रिफ्टस के साथ आई अमेरिकी पर्यटकों की टोली ने एक रोमांचकारी सफारी का अनुभव किया, जो उनकी ज़िंदगी की अविस्मरणीय यादों में दर्ज हो गया। इस सफारी का सबसे रोमांचक पल था. पेंच के राजा 'बाजीराव' की शानदार उपस्थिति। इस प्रसिद्ध बाघ की दहाड़ और जंगल में उसकी शान-ओ-शौकत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिर्फ बाजीराव ही नहीं, बल्कि पर्यटकों को दुर्लभ भारतीय तेंदुआ, भारतीय उल्लू, गरुड़ (ईगल) और कई अन्य वन्यजीवों की झलक भी मिली। प्रकृति ने जैसे अपने सारे रंग बिखेर दिये हों हर मोड़ पर एक नई कहानी, हर झाड़ी के पीछे एक नया आश्चर्य। डेक्कन ड्रिफ्टस द्वारा आयोजित यह सफारी न केवल रोमांचक थी, बल्कि भारतीय वन्य जीवन की जैव विविधता को भी दर्शाती है। इस यात्रा ने यह साबित कर दिया कि भारत के जंगलों में आज भी वो जादू छुपा है, जो किसी भी प्रकृति प्रेमी को जीवन भर याद रहता है।

## कपिल नगर से दो नाबालिग लड़कियों का अपहरण



**नागपुर.**

शहर के कपीलनगर थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने के मामले में क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानवी तस्करी विरोधी पथक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को नागपुर रेलवे स्टेशन परिसर से सकुशल खोज निकाला। इस कार्रवाई में दो संदिग्ध लड़कों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना के अनुसार, कोराडी थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी और उसकी 16 वर्षीय सहेली 11 फरवरी की शाम करीब 7 बजे बाजार के लिए घर से निकली थीं। लेकिन देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की, जो नाकाम रही। संदेह के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कपीलनगर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानवी तस्करी विरोधी पथक ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कियों और दो युवकों को नागपुर रेलवे स्टेशन परिसर से खोज निकाला। सभी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ और समुपदेशन किया गया। इसके बाद चारों को आगे की कार्रवाई के लिए कपीलनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## कामठी में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती





**कामठी.** डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134 वीं जयंती शहर एवं देहात में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। आंबेडकर अनुयायी एवं दलित समाज के लोगों ने इस अवसर पर आंबेडकर वाटिकाओं, बस्तियों एवं अपने घरों पर सजावट की गई। हर वर्ष की भांति इस बार भी जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को शुभारंभ नया गोदाम से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन, भीम नगर, जयस्तंभ चौक, हरदास नगर, हैदरी चौक, बाबू हरदास एल. एन. चौक आदि स्थानों से होती हुई शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में शामिल झाकियों में समाज सुधारक एवं जाग्रत करने के संदेश दिए गए। शोभायात्रा मार्ग पर झाकियों को सम्मानित करने के लिए भी मंच लगाए गए। वहीं दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी मिष्ठान्न वितरण कर नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे की अध्यक्षता एवं छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव व महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कामठी शहर अध्यक्ष देवाशीष चौधरी की प्रमुख उपस्थिति में झांकियों को फ़ोटोफ्रेम सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफलतार्श दुर्गा चौक मित्र परिवार एकता मंच के अध्यक्ष सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, उपाध्यक्ष दिनेश शेंडे, सचिव मनोज नगरकर, कोषाध्यक्ष सुधीर शंभरकर, सहसचिव देवेंद्र चकोले, सहसचिव रवि लांजेवार, प्रदीप वासनिक, उदय नागदेवे, संतोष यादव, प्रमोद उर्फ पम्मा यादव, चरणदास तांडेकर, उमेश्वर श्यामकुंवर, सुभाष भौंडेकर, सुरेंद्र गजभिए, रायभान गजभिये, मोहम्मद यासीन, तुलसीदास पाटील, राजू गायकवाड़, राजू यादव, प्रभाकर सनकाडे, अरविंदा शेंडे, लता बोरकर, शीला गजभिए, शारदा मेश्राम, छाया मेश्राम, अलका ढोके, वीणा शंभरकर आदि ने कड़ी मेहनत की।

## सर्वधर्म एकता मंच ने मनाई आंबेडकर जयंती



**कामठी.** हिंदू मुस्लिम व सर्वधर्म एकता मंच ने मंगलवार को झांकियों का स्वागत कर व शरबत, भोजनदान वितरित कर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष, रब्बानी क्लब अध्यक्ष, हिन्दू मुस्लिम व सर्वधर्म एकता मंच अध्यक्ष अफ़ज़ाज़ अहमद ठेकेदार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश प्रधान महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, राकांपा युवा नेता मंशा पटेल, कांग्रेस सेवादल कामठी शहर अध्यक्ष नितेश कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मोहसिन हसन आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें। अफ़ज़ाज़ अहमद ठेकेदार सहित सभी लोगों ने बाबासाहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अफ़ज़ाज़ अहमद ठेकेदार ने कहा कि हमें बाबासाहब के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए और लोगों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए सिद्धार्थ नगर (कचरीपूरा) महिला मंडल सहित सुधाकर बावने, राजू बोडके, परवेज़ अंसारी, मोहम्मद आरिफ मुन्नू, मोहम्मद यासीन, तैशर जावेद, रमेश रायकवार, संदीप गणवीर, राहुल गवली, अनिकेत मानवटकर, पलास लिंगायत, प्रशांत पाटील, अतुल पाटील आदि ने कड़ी मेहनत की।

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती पर 'संगठित मित्र मंडल' द्वारा भोजन दान कार्यक्रम आयोजित



**वाडी.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर धमाकीर्ति नगर स्थित "संगठित मित्र मंडल" की ओर से एक सामाजिक पहल के तहत भोजन दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के ज़रूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुँचाना तथा डॉ. आंबेडकर के समता, भाईचारे और सेवा के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना था। इस आयोजन में मंडल के सदस्यों – चंद्रशेखर शेंडे, शशिकांत खोबरागड़े, दिनेश खोबरागड़े, जयंता डोंगरे, निकेश भागवतकर, दिनेश सुखदेवे, राकेश खोबरागड़े, धम्मा गोलाइत, रूपेश गोलाइत, सतीश तायडे, गणेश शर्मा, अभिषेक देवासे और आनंद जायसवाल ने सक्रिय सहभागिता निभाई। भोजन दान के इस कार्यक्रम का सैकड़ों उपासक और उपासिकाओं ने लाभ लिया। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। यह पहल समाज में सेवा भावना और एकता का प्रतीक बनकर सामने आई है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 456-5 | 289-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 339-5 | 190-0 |

## विकास मंच ने मनाई आंबेडकर जयंती



**कन्हान.** शहर विकास मंच की तरफ से भारत रत्न डॉक्टर बाबासहाब आंबेडकर की 134 वीं जयंती के कार्यक्रम का आयोजन आंबेडकर चौक में किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख उपस्थिति में नवनिर्वाचित मंच के सदस्य नयन गायकवाड के हस्ते डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के पुतले को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंच के मार्गदर्शक भारत सांवले, नाना उकेकर ने बाबासाहब आंबेडकर के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष ऋषभ बावनकर, सौरभ गुरधे, चिंतामन शेडे, नारायण गजभिए, सौरभ गावंडे, प्रदीप बावणे, अर्जुन पातरे, साहिल सय्यद, सोनू खोब्रागड़े, सुप्रीत बावणे, शाहरुख खान सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

उसके उपरांत श्री संताजी आखिर भारतीय तेली समाज संघ द्वारा बाबा साहब आम्बेडकर के पुतले को माल्यार्पण कर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में नागपुर जिला संपर्क प्रमुख सूर्यभान चाकोले, शहर अध्यक्ष सुनील सरोदे, कार्याध्यक्ष ऋषभ बावणकर सचिव जयंत कुभलकर, सहसचिव विनोद आषटनकर, उपाध्यक्ष निर्णय कुभलकर, उत्तम वाघमारे, विनोद किरपान, मुख्य सचिव सचिन सरोदे, अमित मेघरे, रविंद्र दुपारे, पंकज वंजारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई



### भिमशक्ती युवा मंडल ने भोजनदान कार्यक्रम का किया था आयोजन

**नागपुर.** नवीन ज्ञानेश्वर नगर, मानेवाडा रोड, नागपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भिमशक्ती युवा मंडल द्वारा भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य भोजनदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सहभाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध व डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, बुद्ध वंदना और पंचशील पठन के साथ हुई। तत्पश्चात केक काटकर भोजनदान की शुरुआत की गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मा. गिरीश पांडव, माजी नगरसेविका वंदना भगत, भारती विकास बुंडे, मोरेश्वर जाधव, सतीश सिरसवान, विजय आसोले, शंकर मेश्राम, महेंद्र प्रधान, इंद्रजीत वासनिक, स्वप्नील कुंदेलवार, डॉ. दिलीप डोनेकर व संदेश लोहकरे उपस्थित थे। पुरुष सदस्यों में रविंद्र गोटे, इंजि. नितीन रामटेके, रविंद्र गजभिये, मिलिंद कांबले, गौतम मडके, प्रफुल स्वामी, प्रफुल गाणार, नितीन कठाणे, प्रमोद चवरे, नितीन लांजेवार का विशेष सहयोग रहा। महिला सदस्यों में ज्योती गोटे, प्रियंका गजभिये, प्रीति चारभे, शिवानी चवरे, मधुमाला रंगारी, पंचफुलाबाई मुन, माया मडके, सोनाली कांबले, सुनीता गजभिये, पायल रामटेके का सक्रिय सहभाग रहा। युवा सदस्यों में निखिल गोटे, प्रशांत खांडेकर, निखिल गायकवाड, राहुल बावणे, नयंक मेश्राम, अनिल हटवार, पियुष मेश्राम, संकेत नागदिवे, रोशन शिर्के, अखिल गोटे, आकाश लोखंडे, अक्षय पुरी, अक्षय रंगारी, यश सेलोकर, अक्षय इंगोले आदि का सराहनीय योगदान रहा।